बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

शुद्धि पत्र

विज्ञापन संख्या–04/2021, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना में निम्न वर्गीय लिपिक के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा, दिनांक–26.02.2022 (शनिवार) को 12:00 बजे मध्याह्न से 02:15 बजे अपराह्न तक आयोजित होगी। उक्त प्रारंभिक परीक्षा में एक पत्र सामान्य ज्ञान का होगा, जिसमें निम्नांकित विषय होंगे:–

(क) सामान्य अध्ययन – प्रश्नों की संख्या–50 होगी।

(ख) सामान्य विज्ञान एवं गणित–प्रश्नों की संख्या–50 होगी।

(ग) मानसिक क्षमता जाँच (Comprehension/Logic/Reasoning / Mental Ability) - प्रश्नों की संख्या–50 होगी।

उपरोक्त प्रारंभिक परीक्षा पुस्तक सहित ली जाएगी। प्रत्येक खंड के लिए एक ही पुस्तक ले जाने की छूट होगी। परीक्षार्थी अपने साथ अधिकतम तीन पुस्तक (i) एक सामान्य ज्ञान के लिए (ii) एक गणित के लिए एवं (iii) एक सामान्य विज्ञान के लिए परीक्षा भवन में ले जा सकते हैं। पुस्तकों में N.C.E.R.T/B.S.E.B/I.C.S.E एवं अन्य बोर्ड के Text Book ही मान्य होंगे। किसी विषय से संबंधित गाईड, किसी पुस्तक की फोटोकॉपी अथवा हस्तलिखित नोट परीक्षा भवन में ले जाने के अनुमति नहीं होगी। परीक्षा भवन में प्रवेश करने के पूर्व परीक्षार्थी अपना नाम एवं अनुक्रमांक अनुमान्य पुस्तक पर अवश्य स्पष्ट रूप से अंकित करेंगे। परीक्षा भवन में पुस्तकों का आदान–प्रदान पूर्णतया वर्जित है।

25.2.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना